CAREERINDIA

**SL. No. : DD**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 50 ]
Total No. of Questions : 50 ]

**CCE RR**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **06-H**

**Code No. : 06-H**

यहाँ से काटिए

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : First Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**(ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater)**

ದಿನಾಂಕ : 15. 06. 2017 ]
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ-12-30 ರವರೆಗೆ ]
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ]

[ Date : 15. 06. 2017
[ Time : 9-30 A.M. to 12-30 P.M.
[ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 50 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**Tear here**

www.careerindia.com

CAREERINDIA



## विभाग "A"

### गद्य, पद्य, पोषक अध्ययन - ( 67 अंक )

I. निम्न प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक-एक** वाक्य में लिखिए : 11 × 1 = 11

1. पुरुषोत्तम का घर कहाँ था ?
2. दरबारी किसे देखने के आदी थे ?
3. गाँधीजी को दक्षिण अफ्रिका क्यों जाना पड़ा ?
4. न्यूटन ने किस चीज़ की ईज़ाद की ?
5. वेंकटराव की प्रिय पत्रिका कौन-सी थी ?
6. मीरा की पीड़ा कब मिटेगी ?
7. कवि उधार देने से क्यों डरता है ?
8. नदी के किनारे खड़े श्रीरामजी को देखकर कौन हर्षित होती है ?
9. 'बड़े भाई साहब' पाठ के लेखक कौन हैं ?
10. लेखक प्रभाकर जी सहारनपुर से कहाँ जा रहे थे ?
11. आज के युग को किस नाम से संबोधित करते हैं ?

II. निम्न प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 9 × 2 = 18

12. बच्चे चोरी क्यों करते हैं ?
13. सत्‌चित् आनंद कौन है ? उसकी झनझनाहट में क्या है ?
14. नेटाल इंडियन कांग्रेस की स्थापना किसने की और क्यों ?
15. विज्ञान ने मानव जीवन की कौन-कौन सी सुविधाएँ उपलब्ध करा दी है ?
16. परिवार में नारी की भूमिका नर से भी कैसे बढ़कर है ?
17. सामाजिक कुरीतियों को किस तरह मिटाना चाहिए ?
18. पिछड़ा आदमी चुप कब रहता था ? वह कहाँ टकटकी लगाये रहता था ?
19. धरती अपना आनन्द कैसे प्रकट कर रही है ? सुन्दर पवन क्या कर रहा है ?
20. 'बड़े भाई साहब' के पढ़ने का तरीका क्या था ?



www.careerindia.com

CAREERINDIA



III. निम्न वाक्यों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 4 × 3 = 12

21. 'अरे आज तो इकत्तीस है! आज तो ले ले ।'

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) किसने किससे कहा :

iv) व्याख्या :

22. 'पूजा के पश्चात् भोजन तक मैं किसी वस्त्र आदि का स्पर्श नहीं करता'

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) किसने किससे कहा :

iv) व्याख्या :

23. मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना ।

हिन्दी हैं हम, वतन है, हिन्दुस्ताँ हमारा ।।

i) पद्य का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) व्याख्या :

24. मैं तो मेरे नारायण की, आपही हो गई दासी रे ।

लोग कहै मीरा भई बावरी न्यात कहै कुलनासी रे ।।

i) पद्य भाग का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) व्याख्या :

www.careerindia.com

CAREERINDIA



IV. निम्नलिखित लेखक / कवि परिचय दीजिये : 2 × 3 = 6

25. पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' :

i) जन्मस्थान :

ii) जन्म-काल :

iii) रचनाएँ :

iv) विशेषताएँ :

26. तुलसीदास :

i) जन्मस्थान :

ii) जन्म-काल :

iii) रचनाएँ :

iv) विशेषताएँ :

V. निम्नलिखित पद्य भाग को पूर्ण कीजिए : 4

27. आसरा ..........................................................................................
..........................................................................................
..........................................................................................
.................................................................................. राग ।

**अथवा**

राग से ..........................................................................................
..........................................................................................
..........................................................................................
.................................................................................. चाल ।

VI. निम्नलिखित पद्यांश का सारांश लिखिए : 4

28. जपमाला, छापै तिलक, सरै न एकौ काम ।
मन काचै नाचै वृथा, सांचै रांचै राम ।।
बड़े न हुजै गुनन बिनु बिरुद बड़ाई पाई
कहत धतूरे सौ कनकु, गहनो गढायो न जाई ।

**अथवा**

सवेरे, उठा तो धूप खिलकर छा गयी थी ।
और एक चिड़िया, अभी-अभी गा गयी थी ।
मैंने धूप से कहा, मुझे थोड़ी गरमाई देगी
उधार, चिड़िया से कहा थोड़ी मिठास उधार देगी ?



www.careerindia.com

CAREERINDIA



VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **पाँच-छः** वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8

29. लोटा खरीदने का हक किसे और क्यों था ?

**अथवा**

चम्पारण की समस्या क्या थी ? गाँधीजी ने उसका निवारण किस प्रकार किया ?

30. कन्नड क्लब के बारे में लिखिए ।

**अथवा**

कर्नाटक नूतन विद्यालय की स्थापना कब हुई और वहाँ कौन-कौन से विषय पढ़ाते थे ?

VIII. निम्न प्रश्न का उत्तर **छः -सात** वाक्यों में लिखिए : 4

31. माखन चोरी करते हुए पकड़े जाने पर श्रीकृष्ण अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार व्यक्त करते हैं ?

## विभाग "B"

### व्याकरण, अलंकार, छन्द - ( 20 अंक )

IX. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए **चार-चार** विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित उत्तर पूर्ण रूप से लिखिए : 10 × 1 = 10

32. 'अनुचित' शब्द का विलोम शब्द है

(A) अउचित (B) उचित

(C) चित (D) बेउचित ।

33. 'प्रत्येक' शब्द किस संधि का उदाहरण है ?

(A) गुण संधि (B) दीर्घ संधि

(C) यण् संधि (D) वृद्धि संधि ।

34. 'नर' शब्द का अन्य लिंग रूप है

(A) नर (B) नारी

(C) नरि (D) नीर ।

35. 'अवनी' शब्द का समानार्थक शब्द है

(A) वसुधा (B) सुधा

(C) राधा (D) मेधा ।

36. 'चलना' शब्द का धातु रूप है

(A) चलाना (B) चल

(C) चलवाना (D) चाल ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



37. 'वीर' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है

(A) वीरता (B) वीरी

(C) विर (D) वारी ।

38. 'त्रिपुंड' शब्द किस समास का उदाहरण है ?

(A) द्विगु समास (B) द्वन्द्व समास

(C) अव्ययीभाव समास (D) तत्पुरुष समास ।

39. 'उपन्यासकार' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है

(A) उप (B) उपन्यास

(C) कार (D) न्यास ।

40. 'राम ने रावण को मारा' इस वाक्य में निहित काल है

(A) भूतकाल (B) भविष्यत् काल

(C) वर्तमान काल (D) सामान्य काल ।

41. राजा <u>ने</u> तावीज को परखा

रेखांकित शब्द किस कारक चिह्न का उदाहरण है ?

(A) कर्ता कारक (B) कर्म कारक

(C) करण कारक (D) अपादान कारक ।

X. प्रथम दो पदों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे पद से संबंधित पद लिखिए : $4 \times 1 = 4$

42. मौका : मौके :: योजना : ....................................... ।

43. गिरना : क्रिया :: <u>तेज़</u> दौड़ना : ....................................... ।

44. राम : व्यक्तिवाचक :: सुन्दर : ....................................... ।

45. परमात्मा : परम + आत्मा :: स्वागत : ....................................... ।

XI. अलंकार पहचानकर परिभाषा के साथ नाम लिखिए : 3

46. वो संतरी हमारा ।

XII. छन्द पहचानकर परिभाषा के साथ नाम लिखिए : 3

47. मधुर वचन ते जात मिट, उत्तम जन अभिमान ।
तनिक सीत जल सौ मिटै, जैसे दूध उफान ।।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



## विभाग "C"

### रचना - ( 13 अंक )

XIII. अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$

48. (a) सम्मुख :

(b) बुलबुल :

XIV. 49. पत्र लेखन : $1 \times 5 = 5$

अपनी पाठशाला में मनाये जानेवाले स्वतंत्रता दिवस का वर्णन करते हुए छोटी बहन को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

बहन की शादी का कारण देते हुए चार दिनों का अवकाश माँगते हुए कक्षाध्यापिका को पत्र लिखिए ।

XV. निबंध लेखन : $1 \times 5 = 5$

50. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

i) स्वच्छ भारत

ii) भारत में भ्रष्टाचार का निर्मूलन

iii) भारतीय समाज में नारी का स्थान ।

www.careerindia.com

www.careerindia.com